Telephone : 0120-3174178
E-mail : admin@nsgsassociety.com
Website : www.nsgsassociety.com

एन.एस.जी. सहकारी आवास समिति लिमिटेड
पंजीकृत सं. 2213/1996
प्लॉट नंबर 2, पॉकेट-6, बिल्डर्स एरिया, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) - 201310

# N.S.G. SAHKARI AVAS SAMITI LIMITED

REGISTERED NO. 2213/1996
Plot No. 2, Pocket-6, Builder's Area, Greater Noida, Gautam Budh Nagar (U.P.) - 201310

संदर्भ संख्या
Ref. No NSG SAS/Notice-13/22-23

दिनांक
Dated 01/09/2022

**All Members/Plot Holders**

**LAND AUDIT OF NSG SAS LTD IN COMPLAINCE OF LUCKNOW BENCH OF ALLAHABAD HIGH COURT ORDER, AS DIRECTED BY TEHSILDAR (JUDICIAL), SADAR GAUTAM BUDH NAGAR & AS PER DIRECTIONS OF UPAEVP, LUCKNOW.**

Further to NSG Society Letter dated 26.8.2022 and information shared on NSG Society WhatsApp Group on 30.8.2022.

2. Copy of following letters issued in reply to UPAEVP, Lucknow & Tehsildar (Judicial), Sadar Gautam Budh Nagar are enclosed for information, please:-

a) UPAEVP, Lucknow Letter No.1251/सह0/गाजियाबाद dated 18.8.2022 forwarding copy of Uppar Awas Ayukt/Upper Nibandhak, UPAEVP, Lucknow Letter No. 2482/सह0 dated 17.8.2022.

b) NSG SAS LTD reply Letter No.NSG SAS/UPAEVP/22-23 dated 23.8.2022.

c) उप जिलाधिकारी–सदर, गौतमबुद्ध नगर पत्रांक–1920( 16 ) /सा0नि0 (कार्या0)/2022 दिनांक 26.8.2022

d) NSG SAS LTD reply Letter No.NSG SAS/UPAEVP/22-23 dated 31.8.2022.

**Encls:- As above.**

(P.M. Thakur)
Secretary

IS 15700:2005

सेवोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

(सहकारिता अनुभाग)
ऑफिस कॉम्पलेक्स, सेक्टर– 16 ए, वसुन्धरा,
गाजियाबाद–201009
ईमेल–arimardangaur@gmail.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

समयबद्ध/ अत्यन्त महत्वपूर्ण

पत्र सं0– 1251 /सह0 /गाजियाबाद दिनांक– 18.08.2022

समस्त सम्बन्धित सचिव,
सहकारी आवास समितियाँ गाजियाबाद/ गौतमबुद्धनगर।

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न अपर आवास आयुक्त/ निबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ के पत्रांक 2483/ सह0/ दिनांक 17.08.2022 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 10.08.2022 को सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्ति संलग्न कर प्रेषित करते हुए सहकारी आवास समितियों को आवास विकास परिषद/ प्राधिकरणों के द्वारा आवन्टित भूमि के सम्बन्ध में निर्दिष्ट प्रारूप पर दिनांक 23.08.2022 तक सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि उक्त सूचना केवल परिषद् अथवा विभिन्न प्राधिकरणों के द्वारा सहकारी आवास समितियों को आवंटित की गयी भूमि वाली समितियों के द्वारा ही उपलब्ध करायी जानी है। अतः आप समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा है कि आप इस पत्र के साथ संलग्न प्रारूप पर परिषद्/ प्राधिकरण की योजना का नाम, आवंटित भूमि आदि विषयक आठ कॉलम की सूचना प्रत्येक दशा में दिनांक 22.08.2022 तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें।

कृपया अवगत हों कि प्रश्नगत् प्रकरण अत्यन्त संवेदनशील और समयबद्ध है, अस्तु आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करना सुनिश्चित् करें।

(अरिमर्दन सिंह गौर)
सहकारी अधिकारी (आवास)
गाजियाबाद/गौतमबुद्धनगर।
फोन नं0– 9457296267

प्रतिलिपिः

1. अपर आवास आयुक्त एवं अपर निबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् लखनऊ की सेवा मे सूचनार्थ प्रेषित।

18/08/22

सहकारी अधिकारी (आवास)
गाजियाबाद/गौतमबुद्धनगर।

IS 15700:2005

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

(सहकारिता अनुभाग)

104 महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ-226001

पत्र सं0- 2585 /सह0/ दिनांक- 17-8-2022

समस्त सहकारी अधिकारी (आवास)
/सहकारी पर्यवेक्षक (आवास)

..............................

अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या-1166/आठ-2-22-01आ0 स0/2022 दिनांक 03.08.2022 द्वारा प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के कार्यालय कक्ष मे गोविन्द नगर सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 मथुरा की भूमि के सम्बन्ध में दिनांक 10.08.2022 को बैठक आहूत की गयी थी, उक्त बैठक में लिए गये निर्णय के सम्बन्ध में शासन द्वारा बैठक की कार्यवृत्ति अपने पत्र संख्या-1216/आठ-2022-01आ0स0 2022 दिनांक 10.08.2022 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा निर्गत की गयी है।

निर्गत कार्यवृत्ति के बिन्दु संख्या-8 में शासन द्वारा यह निर्देश दिये गये है कि समितियों को दी गयी भूमि का आडिट कराया जाय तथा जनपदवार सूची उपलब्ध करायी जाय, जिसमें यह उल्लेख हो कि सम्बन्धित समिति अस्तित्व में है अथवा नही?

अतः शासन द्वारा की गयी अपेक्षा के अनुरुप सहकारी आवास समितियों को परिषद/प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूमि की सूची का विवरण इस पत्र के साथ संलग्न प्रारुप पर इस कार्यालय को प्रत्येक दशा मे दिनांक 23.08.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि समयानुसार शासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा सके।
संलग्नकः-उपरोक्तानुसार

(विनय कुमार मिश्र)
अपर आवास आयुक्त/अपर निबन्धक

Telephone : 0120-3174178
E-mail : admin@nsgsassociety.com
Website : www.nsgsassociety.com

# एन.एस.जी. सहकारी आवास समिति लिमिटेड
पंजीकृत सं. 2213/1996

प्लॉट नंबर 2, पॉकेट-6, बिल्डर्स एरिया, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) - 201310

# N.S.G. SAHKARI AVAS SAMITI LIMITED
**REGISTERED NO. 2213/1996**

**Plot No. 2, Pocket-6, Builder's Area, Greater Noida, Gautam Budh Nagar (U.P.) - 201310**

संदर्भ संख्या
Ref. No NSG SAS/ UPAEVP/22-23

दिनांक
Dated 23-8-2022

सेवा में,

अपर आवास आयुक्त/अपर निबंधक
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद्
(सहकारिता अनुभाग), 104 महात्मा गांधी मार्ग,
लखनऊ–226001 ।

<u>सहकारी आवास समिति को आवंटित भूमि आडिट कराने के संबंध में : एनएसजी सहकारी आवास समिति लिमिटेड।</u>

महोदय,

कृप्या उपरोक्त विषय में अपने पत्रांक सं0 2482/सह0/ दिनांक 17.8.2022, जो हमें श्री अरिमर्दन सिंह गौर, सहकारी अधिकारी आवास, गजियाबाद/गौतमबुद्धनगर के पत्र सं0 1251/सह0/गाजियाबाद दिनांक 18.8.2022, जो WhatsApp Message के द्वारा प्राप्त हुआ, का सदंर्भ का अवलोकन करें ।

2. एनएसजी सहकारी आवास समिति लिमिटेड के संबंध में मांगे गए विवरण को दर्शाए गए प्रपत्र पर उचित रूप से भरकर आपकी आवश्यक कार्यवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है ।

भवदीय,

(P M Thakur)
Secy, COM
NSG SAS LTD
( पी.एम. ठाकूर )
सचिव

संलग्नक :–उपरोक्तानुसार ।

प्रतिलिपिः–

श्री अरिमर्दन सिंह गौर, सहकारी अधिकारी (आवास),
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् (सहकारिता अनुभाग), – सूचनार्थ ।
ऑफिस कॉम्पलेक्स, सेक्टर–16ए, वसुन्धरा, गजियाबाद–201009

Sir,
May please see for information
President, NSGSAS Ltd
23/8/22

## सूचना का प्रारूप

## एनएसजी सहकारी आवास समिति लिमिटेड, गौतम बुद्ध नगर

| परिषद/प्राधिकरण की योजना का नाम | सहकारी आवास समिति का नाम | समिति को आवंटित भूमि का क्षेत्रफल | समिति को भूमि आवंटन का दिनांक | समिति द्वारा देय धनराशि | | समिति का मानचित्र स्वीकृत होने का दिनांक | समिति द्वारा सदस्यों को आवंटित भूमि | समिति को आवंटित भूमि पर अवैध कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल जमा की गयी धनराशि | बकाया धन राशि | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 |
| ग्रुप हाउसिंग स्कीम–02 (GHS-02) Greater Noida Industrial Development Authority | एनएसजी सहकारी आवास समिति लिमिटेड, गौतम बुद्ध नगर (पंजीकृत सं0 2213/96 ) | 28.5 एकड़ (एक लाख पंद्रह हजार तीन सो चालीस वर्ग मीटर) | Greater Noida Industriual Development Authority allotted land vide its L.No.Prop/ GHS/ B-60/383 dated 11.09.1997 | रूप्ये 8,62,55,000 (आठ करोड़ बासठ लाख पचपन हजार केवल) | शून्य | बि.पी नं0 481 दिनांक 01.7.2000 ले–आउट प्लान में 351 प्लाट के निर्माण हेतु 65 प्रतिशत लेंड एरिया दर्शाया गया एवं शेष 35 प्रतिशत भूमि सीवर, पार्क, सड़कें, बरसाती नालियॉं, बिजली के | 65 प्रतिशत भूमि के भाग में से 71384.47 वर्गमीटर भूमि पर 86 प्लाट 300 वर्गमीटर केटेगरी–ए, 166 प्लाट 200 वर्गमीटर केटेगरी–बी एवं 99 प्लाट 125 वर्गमीटर केटेगरी–सी प्लाट पूर्णरूप से विकसित | जुलाई, 2012 में नियुक्त प्रशासक द्वारा अवैध रूप से 16 से अधिक प्लाटों को बेचा गया एवं पुराने अवैध रूप से जीपीए में बिके हुए प्लाट के खरीदारों को समिति का सदस्य बनाया गया । अप्रैल, 2018 में नियुक्त किए गए प्रशासक मंडल द्वारा अपने 19 माह के कार्यकाल में 50 से अधिक प्लाटों को अवैध रूप से बेचा गया एवं लगभग 113 जीपीए पर बिके हुए प्लाटों को |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | टार्सफारमर, पानी–बिजली की लाईन आदि | करके 351 सदस्यों को मार्च 2002 में लॉटरी द्वारा आवंटित किया गया । | शेयर सर्टिफिकेट जारी करते हुए सदस्य बना दिया गया। प्रशासक मंडल के एक अधिकारी ने समिति की एक दुकान सं0 12 को अवैध रूप से अपने नाम पर 20 साल के लिए नवम्बर 2019 में लीज पर आवंटित कर लिया ।<br>उपरोक्त मामलों में समिति द्वारा पुलिस शिकायत एवं एफआईआर भी दाखिल किए गए एवं कोर्ट / हाईकोर्ट में मुकदमा भी दायर किए गए थे । |

( पी.एम. ठाकुर )
सचिव
एनएसजी सहकारी आवास समिति लिमिटेड

दिनांक :– २३ अगस्त, 2022
स्थान :– ग्रेटर नोएड़ा

कार्यालय उपजिलाधिकारी–सदर गौतमबुद्धनगर

पत्रांक–1526(6) रा0नि0(कार्या0)/2022 दिनांक– 26.08.2022

एन0एस0जी सहकारी
आवास समिति लिमिटेड,
गौतमबुद्धनगर

विषयः– सहकारी आवास समितियों की लैण्ड बैंक आडिट हेतु अभिलेख उपलब्ध कराने के संबंध में

कृपया कार्यालय उपजिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के पत्र संख्या 900/एस0टी0–एस0डी0एम0/20222 दिनांक 29.07.2022 जो माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ पीठ के बेल एप्लीकेशन नं0 14190/2021 आदेश दिनांक 30.05.2022 के सहकारी आवास समितियों के लैण्ड बैंक आडिट एवं अध्यक्ष/सचिव के चुनाव प्रक्रिया के परीक्षण के संबध में पारित आदेश के अनुक्रम में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से पूर्व–प्रेषित पत्र संख्या 125/6/रा0नि0(कार्या0)/2022 दिनांक 20 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा आपको उपरोक्त प्रकरण में आपके द्वारा कार्यालय उपजिलाधिकारी, सदर गौतमबुद्धनगर में प्रस्तुत किए गए समिति से संबंधित सभी भूमि अभिलेख क्रय–विक्रय, सदस्यों की सूची(समिति बनाते समय व वर्तमान), चुनाव प्रक्रियाओं संबंधित अभिलेख व कार्यवाही रजिस्टर आदि अभिलेखों के अपूर्ण होने के संबंध में अवगत कराते हुए समस्त अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। आपके द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के परीक्षण के समय यह तथ्य प्रकाश में आया है कि निम्न बिन्दु से संबंधित अभिलेख/साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए है जिनका विवरण निम्नवत् है:–

1. आवंटन रजिस्टर में अंकित सदस्यों व वर्तमान सदस्यों की सूची में भिन्नता है। समिति के गठन के पश्चात बनाए गए सदस्यों के संबंध में कार्यवाही रजिस्टर की सत्यापित प्रति, अनुमोदन प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराई जानी अपेक्षित है।
2. नए सदस्यों के समिति का सदस्य बनाए जाने के संबंध में उन सदस्यों की अर्हता के संबंध में सत्यापित साक्ष्य उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

चूंकि प्रश्नगत प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अन्तर्गत परीक्षण किया जा रहा है अतः उपरोक्त बिन्दुओं से संबंधित अभिलेख/साक्ष्य यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इस संबंध में समिति की ओर से किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए माननीय न्यायालय को आख्या प्रेषित की जाएगी जिसके उत्तरदायी आप स्वयं होंगे।

उपजिलाधिकारी–सदर
गौतमबुद्धनगर

Telephone : 0120-3174178
E-mail : admin@nsgsassociety.com
Website : www.nsgsassociety.com

# एन.एस.जी. सहकारी आवास समिति लिमिटेड

पंजीकृत सं. 2213/1996

प्लॉट नंबर 2, पॉकेट-6, बिल्डर्स एरिया, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) - 201310

# N.S.G. SAHKARI AVAS SAMITI LIMITED

REGISTERED NO. 2213/1996

Plot No. 2, Pocket-6, Builder's Area, Greater Noida, Gautam Budh Nagar (U.P.) - 201310

दिनांक
Dated 31.8.2022

संदर्भ संख्या
Ref. No NSG SAS/Land Audit

सेवा में,

तहसीलदार–न्यायिक,
तहसीलदार–सदर, गौतमबुद्धनगर ।

सहकारी आवास सहमति की लैण्ड बैंक आडिट हेतु अभिलेख उपलब्ध कराने के संबंध में : एनएसजी सहकारी आवास समिति लिमिटेड।

महोदय,

कृप्या उपरोक्त विषय में एनएसजी समिति पत्रांक सं0 एनएसजी एसएएस/लेण्ड आडिट/22–23 दिनांक 22.8.2022 एवं अपने पत्रांक सं0 1920(16)/सा0नि0 (कार्या0)/2022 दिनांक 26.8.22 के सदंर्भ का अवलोकन करें ।

2. जैसा कि समिति के उपरोक्त पत्रांक दिनांक 22.8.2022 में बताया गया था कि समिति ने 40.50 एकड़ ( एक लाख बासठ हजार वर्ग मीटर ) भूमि हेतु ग्रेटर नोएड़ा प्राधिकरण में दिनांक 31.12.1996 को मांग पत्र जमा किया था ताकि समिति चार सों से उपर बने सदस्यों को उनकी मांग के अनुसार प्लाट आवंटित कर सके । कुल चार सो बयालिस सदस्य बनाए गए थे जिनमें से 91 सदस्यों ने प्राधिकरण द्वारा भूमि आवंटन में हो रहे विलंब के कारण तथा कुछ निजी कारणों से सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था । प्राधिकरण ने सितम्बर 1997 में पत्र सं0 Prop/GHS/B-60/383 दिनांक 11.9.97 के द्वारा समिति को 28.5. एकड़ ( एक लाख पंद्रह हजार तीन सो चालीस वर्ग मीटर ) रूप्ये 750/– की दर से आवंटन किया था। आवंटन के उपरांत कुल 351 सदस्य रह गए थे, अतः उन्हीं के लिए भूमि का विकास करते हुए 351 प्लाट तीन साईज में, जिसमें ए साईज 300 वर्गमीटर के 86 प्लाट, बी साईज 200 वर्गमीटर के 166 प्लाट एवं सी साईज 125 वर्गमीटर के 99 प्लाट बनाए गए । भूमि विकास के उपरांत

(P M Thakur
Secy

Recived
01.09.22

दिनांक 30.3.2002 को सम्पन्न हुए वार्षिक सामान्य बैठक में लाटरी सिस्टम द्वारा सभी 351 प्लाटों को 351 सदस्यों में आवंटित कर दिया गया । इस संबंध में लाटरी का विवरण/रिजल्ट की प्रतिलिपि " अनुलंग्नक क " पर उपलब्ध है । आवंटन रजिस्टर में अंकित सदस्यों व वर्तमान सदस्यों की सूची में भिन्नता का कारण यह भी है कि जिन 91 सदस्यों ने सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था उनकी जगह नए सदस्य नहीं बनाए जा सकते थे क्योंकि प्राधिकरण ने मांगे गए 40.50 एकड़ ( एक लाख बासठ हजार वर्ग मीटर ) भूमि की जगह सिर्फ 28.5 एकड ( एक लाख पंद्रह हजार तीन सो चालीस वर्ग मीटर ) भूमि आवंटित किया था जिस कारण 351 से ज्यादा प्लाट नहीं बनाए गए । जिन सदस्यों ने सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था उनकी जगह नए सदस्यों नहीं बनाए जा सके जिस कारण सदस्यता संख्या 442 तक थी पर वास्तव में सिर्फ 351 सदस्य ही आवंटन के समय थे एवं वर्तमान में भी 351 सदस्य ही मौजूद हैं जिनकी सूची पूनः " अनुलंग्नक ख " पर उपलब्ध है ।

3 351 सदस्यों में से कुछ सदस्यों ने आपसी सहमति से अपने–अपने प्लाटों की
अदला–बदली की थी जिसकी सूची अलग से उपलब्ध कराई जाएगी । इन अदला–बदली वाले
प्लाट संख्या की सूचना ग्रेटर नोएड़ा प्राधिकरण को भी दे गई थी जिसकी सब लीड डीड भी
हो गई है । सब–लीज डीड हो जाने के उपरांत किसी भी प्लाट की अदला–बदली नही हुई है
। दिनांक 30.3.2002 को सदस्यों को आवंटित प्लाट संख्या एवं अदला–बदली के उपरांत
अंतिम रूप में दिए गए प्लाट संख्या में भिन्नता का यह भी एक मुख्य कारण है ।

4. मूलरूप से आवंटित प्लाट का कय–विकय एवं सदस्यता हस्तांरित करने के संबंध में
एनएसजी समिति ने 2009 में टांसफर नियम बनाए थे जिसे ग्रेटर नोएड़ा प्राधिकरण को 2010 में
दिखाने के बाद लागू किया गया था एवं 2012 में इसे संशोधित कर लागू किया गया । बहुत सारे
प्लाट उस समय की प्रबंध समिति ने इन नियमों को ध्यान में रखते हुए विकय की अनुमति दी थी
। जिन सदस्यों ने सदस्यता से त्यागपत्र दिया था और अपने प्लाटों का विकय किया था उनकी
सूची समिति के सर्दभित पत्रांक दिनांक 22.8.22 के अनुलग्नक 7ए एवं 7बी पर उपलब्ध है । 125
वर्गमीटर वाले सदस्यों की सूची भी अलग से पीडीएफ पर वाटसएप के द्वारा 27.8.22 को उपलब्ध
करा दिया गया था जिसकी प्रति पूनः "अनुलंग्नक ग" पर उपलब्ध है । इस संबंध में यह भी
कहना है कि उपलब्ध जानकारी एवं साक्षयों के आधार पर वंर्तमान सूची में नए
सदस्यों का नाम डाल दिया है लेकिन उन्हें समिति के उपविधियों के अनुसार सदस्य
बनाया गया है या नहीं इसकी जॉच समिति द्वारा वर्तमान में जारी है । समिति के
द्वारा आंतरिक जॉच उपरांत सही पाए गए नए सदस्यों की सूची बनते ही उपलब्ध
करा दी जाएगी ।

(P M Thakur)
Secy, COM
NSG SAS LTD

5. वर्तमान सूचियों में जिन नए सदस्यों का समावेश हुआ है उनमें से जो सदस्य वर्ष 2019 तक बनाए गए हैं उनके संबंध में कार्यवाई रजिस्टर उपलब्ध नहीं है क्योंकि समिति कार्यालय से बहुत सारे दस्तावेज/रजिस्टर/साक्षय/अभिलेख आदि–आदि गायब है । इस संबंध में समिति ने दिनांक 7.4.2022 को पूलिस में एफआईआर करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी जिसकी प्रति "अनुलंग्नक घ" पर उपलब्ध है । वर्ष 2019 के उपरांत बनाए गए सभी नए सदस्यों के सबंध में कार्यवाई रजिस्टर की सत्यापित प्रति, अनुमोदन प्रमाण–पत्र " अनुलंग्नक च " पर उपलब्ध है । नए सदस्यों के समिति का सदस्य बनाए जाने के संबंध में उन सदस्यों की अर्हता के संबंध में उपलब्ध शपथ–पत्र, घोषणा–पत्र एवं उ0प्र0 आवास विकास परिषद को भेजे गए प्रस्ताव पत्रों की प्रतिलिपि भी " अनुलंग्नक च " पर लगाए गए पत्रों के साथ ही संलग्न है । पुराने सभी मामलों की आंतरिक जॉच समिति द्वारा की जा रही है तथा अपेक्षित दस्तावेजों की प्रतिलिपि उपलब्ध होते ही अवलोकनार्थ भेज दी जाएगी ।

6. उपरोक्त जानकारी आपके आदेशानुसार तैयार कर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है ।

भवदीय,

(P M Thakur) 31/3/2022
Secy, COM
NSG SAS LTD

( पी.एम. ठाकूर )
सचिव

संलग्नक :–उपरोक्तानुसार ।

Telephone: 0120- 2343622
E-mail:- admin@nsgsas.com
Website:-www.nsgsas.com

# एन.एस.जी. सहकारी आवास समिति लिमिटेड

रजिस्ट्रेशन नं. 2213/1996

प्लाट नं. 2, पॉकेट-6 बिल्डर्स एरिया, ग्रेटर नौएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)

# N.S.G. SAHKARI AVAS SAMITI LIMITED

REGISTRATION NO. 2213/96

Plot No. 2, Pocket-6, Builder's Area, Greater Noida, Gautam Budh Nagar (U.P.)

पत्र संख्या
Ref. No. NSGSAS/012/22-23

दिनांक
Dated 07.4.22

सेवा में,

थानाप्रभारी,
पूलिस थाना कासना बीटा–2,
ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर,
उत्तर प्रदेश – 201308 ।

<u>प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफ आई आर) – एनएसजी सहकारी आवास समिति सोसाईटी के सदस्यों की गुमशुदा फाईलों और कार्यालय के गुम अभिलेखों के संबंध में ।</u>

महोदय,

एनएसजी सहकारी आवास समिति लिमिटेड, गौतम बुद्ध नगर (पंजिकृत सं0 2213/96) का गठन उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम एवं नियम के अंर्तगत उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ द्वारा हुआ था । समिति की प्रबंधन समिति को मार्च 2013 से अध्यक्ष श्री विनोद सिंह रावल एवं सचिव डा0 मनिष कुमार झा द्वारा चलाया जा रहा था जिनका कार्यकाल 18 मार्च 2018 को खत्म होते ही भंग हो गया और नई प्रबंधन समिति के लिए चुनाव करवाया गया जिसमे सिर्फ चार सदस्य ही चुनकर आ पाए थे जिसके कारण उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ ने इसे निलंबित कर एक प्रशासक मंडल श्री अभय कुमार सिंह तहसीलदार जेवर की अध्यक्षता में दिनांक 25.4.2018 को नियुक्त कर दिया । अध्यक्ष श्री अभय कुमार सिंह ने दिल्ली राज्य से एक निम्न श्रेणी लिपिक श्री ललित कुमार को प्रशासक मंडल में सचिव के पद पर एवं श्री प्रवीण कटारिया, एक प्राईवेट प्रोर्पटी डीलर को सहायक सचिव के पद पर नियुक्त कर दिया । प्रशासक मंडल ने लगभग 19 माह के कार्यकाल के बाद नवम्बर 2019 में समिति का चुनाव करवाया जिसमें 22.11.2019 को समिति का नया प्रबंधन मंडल कुल 08 प्रबंधन संदस्यों के साथ चुना गया । श्री एस.बी. दयोल, अध्यक्ष, डा0 बी.एस.पाण्डेय, उपाध्यक्ष एवं प्रबंधन सदस्य के रूप में श्री सीएमकेटी शर्मा, श्रीमति देवकी पाण्डेय, डा0 सतीस कुमार, श्री विरेन्द्र सिंह सजवान, श्री हंस राज एवं श्री ओमेन्द्र सिंह चुने गए । प्रबंधन समिति ने एनएसजी सोसाईटी के मेम्बर डा0 एस.के. शर्मा, को सचिव एवं कर्नल जी.सी. गौड़ को उप–सचिव के पद पर नियुक्त किया । बाद में डा0 सतीस कुमार एवं श्री विरेन्द्र सिंह सजवान की आकिस्मक मृत्यू उपरांत 10 अक्तूबर 2021 की सीओए मिटिंग में ले0जनरल ए.आर. प्रसाद एवं श्री ललीत सिंह सैंगर को इनके स्थान पर प्रबंध कमेटी का नामित सदस्य चुना गया । सचिव डा0 एस.के. शर्मा दिल की लम्बी बीमारी और आपरेशन के कारण काम करने की स्थिति में नहीं थे अतः अगस्त 2021 में सचिव पद से हटा दिया गया । इनके स्थान पर श्री पी.एम. ठाकूर को 10 अक्तूबर 2021 की मिटिंग में सचिव पद पर नियुक्त किया गया ।

(P M Thakur)
Secy, COM
NSG SAS LTD

N K GUPTA

2. श्री अभय कुमार सिंह की जगह श्री सत्यपाल सिंह, सहकारी अधिकारी उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनउ प्रशासक मंडल में जुलाई 2019 में अध्यक्ष नियुक्त हुए और उनके कार्यकाल में भी श्री ललित कुमार एवं श्री प्रवीण कटारिया, सचिव एवं सहायक सचिव के रूप में लगातार कार्यरत रहे । इन्हें नवम्बर, 2019 में नई चुनी गई प्रबंधन समिति को एनएसजी सहकारी आवास समिति का कार्यालय एवं समस्त रिकार्ड तत्काल सौंपा जाना था पर इन्होनें किसी ना किसी कारण से जानबुझकर विलंब करते हुए दिनांक 31.1.2020 का समय चार्ज सौपनें के लिए तय किया । इस सबंध में प्रशासक मंडल का पत्र संलग्न है । श्री ललित कुमार एवं श्री प्रवीण कटारिया, पूर्व सचिव एवं पूर्व सहायक सचिव के द्वारा दिनांक 31.1.2020 को कागजों में चार्ज सौपनें का कार्य प्रारंभ किया गया पर वास्तव में नई चुनी गई प्रबंधन समिति को कार्यालय और रिकार्डस सौंपा नहीं गया । समिति ने इस संबंध में श्री प्रवीण कटारिया के खिलाफ थाने में एफआईआर और एसडीएम कोर्ट, ग्रेटर नोएडा में केस भी फाईल किया था (एएफआईआर की कापी संलग्न) । समिति का कार्यालय एवं रिकार्डस दिनांक 31.1.2020 से लगातार लगभग दो साल तक ताले में बंद रहा । दिसम्बर 2021 में ग्रेटर नोएड़ा प्राधिकरण ने लगभग एक करोड़ नवासी लाख का पानी बिल एवं 29 लाख दंड शुल्क जिला अधिकारी, गोतमबुद्व नगर के द्वारा रिकवरी के लिए आदेशित किया । श्री प्रवीण कटारिया, पूर्व सहायक सचिव के कहने पर सोसाईटी के हित में प्रबंधन समिति ने दिनांक 30.12.2021 को अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष डा० बी.एस. पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की मीटिंग करवाई और निश्चित किया कि श्री प्रवीण कटारिया, पूर्व सहायक सचिव के साथ मिलकर समिति का कार्यालय खोला गया ताकि पानी बिल के संबंध ग्रेटर नोएड़ा प्राधिकारण में जमा किए गई पानी शुल्क का चालान बंद कार्यालय से निकालकर चेक किया जा सके । सचिव ने कार्यालय को तय किए गए नियमों के अनुसार खोलने के लिए उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के सहकारी अधिकारी श्री अरिमर्दन सिंह गौड़ को एवं बीटा-2 के थानाध्यक्ष से संपर्क किया एवं 31.12.2021 अपरहन को आने के लिए कहा ताकि उनकी उपस्थिति में कार्यालय को खोला जा सके और इसकी विधिवत विडियो रिकांडिंग का भी प्रबंध किया गया । पूलिस इंतजार करती रही और देर होने पर सहकारी अधिकारी भी चले गए । चाबी उपलब्ध नहीं होने के कारण ताला खोलना संभव नहीं था ज्यादा विलंब होने पर पूलिस की अनुपस्थिति में ही उपाध्यक्ष डा० बी.एस. पाण्डेय एवं प्रबंधन सदस्य ले०जनरल ऐ.आर. प्रसाद के आदेशानुसार ताला तोड़ा गया एवं उपस्थित सदस्यों के सामनें कार्यालय से केवल पानी बिल संबंधी फाईलों को ही बाहर निकालकर नया ताला लगाकर जाबी उपाध्यक्ष डा० बी.एस. पाण्डेय को सौंप दी गई ।

3. चयूंकि समिति का कार्यालय विधिवत नहीं खोला जा सका जिसके लिए एक कमेटी का गठन श्री पी.के. जोशी आई.जी.बीएसएफ, सेवानिवृत की अध्यक्षता में सदस्य, श्री आर.ए. त्यागी, श्री दान सिंह एवं श्री ए.के. मिश्रा, दिनांक 4.1.2022 को किया गया जो समिति के कार्यालय में उपलब्ध सभी रिकार्डस को जांच करने के उपरांत सुची बनाकर प्रबंध कमेटी को प्रस्तुत करेंगे । श्री पी.के. जोशी कमेटी नें 15.1.2022 को सोसाईटी कार्यालय में उपलब्ध सभी रिकार्डस को सुचीबध कर 24 पृष्ठों की रिपोर्ट प्रबंध कमेटी को सौंपी गई। प्रबंध कमेटी अध्यक्ष ने इस रिपोर्ट को दिनांक 18.1.2022 को रिपोर्ट को स्वीकृत/अनुमोदित किया गया । रिपोर्ट से निम्नलिखित तथ्य सामने आए :-

S B Deol
President
NSG SAS LTD

(P M Thakur)
Secy, COM
NSG SAS LTD

(N R Gupta)
Treasurer

158 (A 47 + B 70 + C 41)

क. एनएसजी सोसाईटी के 153 सदस्यों की निजी फाईलें ( विवरण संलग्न ) कार्यालय से गायब पाई गई ।

ख. 2017–2018, 2018–2019 एवं 2019–2020 वित वर्ष की केश बुक, एकाउंटस बुक लेजर बुक, प्राप्ति रसीद, व्यय की रसीद आदि (वित संबंधित सभी जानकारियां/विवरण) सभी गायब थे ।

ग. देखने से ऐसा प्रतीत हुआ कि समिति की तिजोरी (चेस्ट) को कटर से काटा गया या जबरदस्ती तोड़ा गया ।

घ. कार्यालय से ब्लैंक शैयर सर्टिफिकेटस एवं शेयर रजिस्टर गायब थे ।

च. सदस्यस्ता रजिस्टर एवं कई और बहियातें गायब पाए गए ।

छ. समिति का कम्प्यूटर, सीसीटीवी एवं वेवसाईट खराब/बंद पाए गए ।

4. वर्तमान प्रंबंधन समिति को अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि सोसाईटी के दो सालों से बंद कार्यालय से उपरोक्त पैरा 3 (क) से (छ) तक वर्णित फाईलें/रजिस्टर कैसे गायब हुए एवं तिजोरी, कम्प्यूटर, सीसीटीवी वगैरह कैसे खराब किए गए और वेवसाईट कैसे बंद हुआ । प्रथम दृष्टा यह प्रतीत होता है कि सोसाईटी कार्यालय को ताला लगाने से पहले ही फाइलों को गायब और सभी इलैक्टानिक सामनों को नष्ट किया गया जिससे चुनी हुई नई प्रबंध समिति अपना कार्य एनएसजी सहकारी आवास समिति में रहने वाले मैम्बरों के कल्याण हेतु सुचारू रूप से ना कर सके । अतः थानाप्रभारी से निवेदन है कि इस संबंध में एक प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) इससे जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ दायर की जाए और दोषी पाए गए व्यक्ति/व्यक्तियों के उपर दंडात्मक कानूनी कार्यवाई कर समिति को भी अवगत करवाएं ।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार ।

प्रार्थी,

S B Deol
President
NSG SAS Ltd.

(S B Deol, IPS/DG (रि.) अध्यक्ष

(P M Thakur)
Secy, COM
NSG SAS LTD

(P M Thakur, Secretary सचिव)

(N K Gupta, कोषाध्यक्ष)

एन.एस.जी. सहकारी आवास समिति लिमिटेड
पंजीकरण नं. 2213/1996